

**गांधीनगर-गुज.।** गांधीनगर राजभवन में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से स्नेह मुलाकात करने के पश्चात् ईश्वरीय प्रसाद और सौगात भेंट करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ सेक्टर 28 गांधीनगर सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. कैलाश दीदी। साथ हैं सेक्टर 2/सी सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. भावना, ब्र.कु. जुग्नू, ब्र.कु. कृपल, ब्र.कु. आरती एवं ब्र.कु. पारूल।



**छतरपुर-किशोर सागर(म.प्र.)।** बागेश्वर धाम आगमन पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने के पश्चात् समूह चित्र में साथ हैं बागेश्वर धाम सरकार पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, राजनेता मनोज तिवारी, छतरपुर सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. शैलजा दीदी, ब्र.कु. विद्या,खजुराहो, ब्र.कु. नन्दा,नौगांव, ब्र.कु. रमा,विश्वनाथ, ब्र.कु. रीना, ब्र.कु. कल्पना एवं ब्र.कु. रीमा।

# अपना औरा पॉज़िटिव कैसे रखें...!!!



ब्र.कु. शिवानी बहन, जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा

योग मतलब ध्यान। ध्यान मतलब ध्यान से जीना। और ध्यान से ये जीना कि कुछ भी जो हमारे आस-पास हो रहा है, उसका दाग वो हमारे ऊपर नहीं आना चाहिए। तो उसके लिए हमें वो सिचुएशन से ऊपर रहना पड़ता है और जो भोगी जीवन है वो नीचे रहता है। मतलब एक ये हाई वायब्रेशनल लाइफ है और ये एक लो वायब्रेशनल लाइफ है। हम एक वायब्रेशन में रहते हैं। अगर इस समय हम सबकी चेकिंग की जाए मशीन से तो हम सबकी अलग-अलग वायब्रेशन्स आयेंगी। और इसकी इक्विपमेंट(उपकरण) है आजकल। जो हाइएस्ट वाइब्रेशन्स पर होते हैं, जिनके हम चित्र देखते हैं देवी-देवताएं, धर्म स्थापक उनके चारों तरफ एक व्हाइट रंग का सर्कल दिखाया जाता है। मतलब उनकी एनर्जी वाइट कलर की है। व्हाइट कलर का मतलब हाइएस्ट, प्युअरेस्ट। तो वो उनका औरा है वाइट।

ऐसे हम सब का भी एक औरा है। और हमारा औरा एक स्कैन है कि हमारी स्टेट ऑफ माइण्ड कैसी है? यहाँ कितनी प्युरिटी है या कितनी मैल है, मन कितना साफ है, बेदाग है या इसपर कितनी सारी बातों के वायब्रेशन्स हैं। जो मनचित्त को स्वच्छ रखेगा, बेदाग रखेगा, प्युअर रखेगा वो हाइअर वाइब्रेशन पर है। लेकिन जिसने मन पर हर चीज़ का दाग लगने दिया तो हमारी वायब्रेशन्स लो होने लगेगी। जब लोअर एनर्जी वायब्रेशन्स का हम पर दाग लगता जाएगा तो फिर हम कभी दर्द, कभी दु:ख, कभी चिन्ता, कभी डर, कभी गुस्सा, कभी हर्ट, कभी ईगो, कभी रिजेक्शन, कभी कम्पैरिज़न। ये सब लोअर वायब्रेशन्स एनर्जीज़ हैं। और जब हम इन लोअर वायब्रेशन्स एनर्जीज़ पर रहते हैं, हम सफर करते हैं और वो है भोगना। कहते हैं ये दु:ख भोग रहा है, भोगते हैं हम। तो एक है भोगी जीवन जो भोगते हैं(सफरिंग) और एक है योगी जीवन। अब इसका मतलब ये नहीं है कि जो योगी जीवन में होगा उसके सामने प्रॉब्लम्स नहीं आएंगी। प्रॉब्लम्स तो दोनों के सामने एक बराबर हैं। लेकिन योगी अर्थात् उस प्रॉब्लम को फेस करने का तरीका। इसका मतलब बाहर कीचड़ है, चलना तो सबने है लेकिन कोई ध्यान से चलेगा तो उसे अनटच्ड घर तक पहुंचेगा और कोई ध्यान से नहीं चलेगा तो पहले दो-तीन स्टेप्स में ही खुद को मैला कर लेगा।

तो आप रेडी हैं योगी जीवन पर शिफ्ट होने के लिए, पॉसिबल है? सिर्फ एक विज़ुअलाइज़ कीजिए कि आपने व्हाइट ड्रेस पहनी और सुबह से शाम तक आप बाहर हैं, काम कर रहे हैं, घर का काम कर रहे हैं, ऑफिस का काम कर रहे हैं, ट्रैवल कर रहे हैं, सब कुछ कर रहे हैं, इसको विज़ुअलाइज़ कीजिए। सुबह से शाम तक आप व्हाइट ड्रेस पहन कर बाहर हैं। क्या आप रात को वापिस वाइट को वाइट लेकर आ सकते हैं? सुबह जैसा व्हाइट था वैसा रात को भी व्हाइट चाहिए। सुबह वाइट है, बेदाग, फ्रेश, रात को भी वही व्हाइट में वापिस आना है। लेकिन सारे दिन में सारे काम करने हैं। अगर हमने काले रंग के कपड़े पहने हुए हैं तो कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि सारी मिट्टी भी लग जाए तो दिखाई नहीं देगी। काला ही इतना है, काले को और काला नहीं बनाया जा सकता।

जैसे ही हम व्हाइट की तरफ जाना शुरू करते हैं, अचानक से बहुत चीज़ें दिखाई देने लगती हैं कि वो ये भी है, ये भी है, वे भी है। जब तक काले बने होते हैं ना तो कुछ है ही नहीं। सब परफेक्ट है उसमें क्या? दुनिया ही ऐसी है, हम तो बहुत अच्छे हैं दुनिया से। लेकिन जब जर्नी ऑफ चेन्ज स्टार्ट होता है तो दिखाई देता है ओह! आज मैंने ये कर दिया, आज मेरे से ये हो गया, आज मेरे से वो हो गया। जैसे लगता है आज मेरे से बहुत सारी गलतियां होती है। एक्चुअली वो बहुत सारी गलतियां नहीं होती है वो पहले भी बहुत सारी होती थी लेकिन पहले वो गिनी नहीं जाती थी। पहले उसको हम जस्टिफाय करते थे उसने ऐसा किया तो मुझे वैसा करना ही था।

सुबह से रात तक व्हाइट ड्रेस पहनो और आप देखना आराम से वापिस आयेंगे बिना वो ड्रेस मैली हुए। और उसको सिर्फ जीवन जीने का तरीका बनाना है कि सुबह से पहनना है, रात को आना है, सबकुछ करना है लेकिन सबकुछ करते हुए सिर्फ एक अटेन्शन। ड्रेस ठीक रहनी चाहिए क्योंकि इसको रात तक मुझे ठीक रखना है। अब हम व्हाइट पहनते हैं, अगर किसी कुर्सी पर भी बैठते हैं तो पहले कुर्सी को चेक करते हैं। ब्लैक पहनो तो नहीं चेक करना पड़ेगा। इसका मतलब हम कहाँ जा रहे हैं, क्या कर रहे हैं, किससे मिल रहे हैं, कैसे मिल रहे हैं, क्या मुझे टच कर रहा है वो ध्यान रखना पड़ेगा।



**देवबंद-उ.प्र.।** 'खुशियां आपके द्वार' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए लोक निर्माण मंत्री बृजेश सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विपिन गर्ग, ब्र.कु. ओंकार,माउंट आबू, ब्र.कु. संगीता एवं ब्र.कु. पारुल।


FOR ONLINE TRANSFER

Pay Directly to: osmorerf@indianbk

BANK NAME:- INDIAN BANK
BRANCH:- Shantivan,Talhati
ACCOUNT :- OM SHANTI MEDIA OF RERF
ACCOUNT NO:- 7552337300,
IFSC - CODE:- IDIB000S319

Note:- AfterTransfer send detail on

E-Mail - omshantimedia.acct@bkivv.org
E-Mail - omshantimedia@bkivv.org




**बाराबंकी-उ.प्र.।** राजकमल पैलेस,छाया चौराहा में ब्रह्माकुमारीज़ के दिव्य शक्ति भवन द्वारा आयोजित 'ज़िन्दगी बने आसान व चलें समस्याओं से समाधान की ओर...' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय वक्ता हाल ऑफ फेम से पुरस्कृत राजयोगिनी ब्र.कु. उषा दीदी,माउंट आबू, ब्र.कु. माधुरी दीदी,लखनऊ, ब्र.कु. दिव्य दीदी तथा अन्य अतिथिगण। कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता पंकी, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन सदस्य भाजपा पिछड़ा मोर्चा, सुशील पांडेय,रिटायर्ड डीआईजी, ऑल इंडिया स्मॉल न्यूज़पेपर एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष,महिला मोर्चा भाजपा रचना श्रीवास्तव, स्थायी लोक अदालत की मजिस्ट्रेट डॉ. अर्चना पांडेय तथा अन्य।



**बेतिया-बिहार।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र द्वारा "वर्कशॉप ऑन मेंटल एंड इमोशनल चैलेंज" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. अंजना, ब्र.कु. डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन, डॉ. सुधा भारती,हॉस्पिटल सुपरीटेंडेंट, देवानंद राउत,पुलिस उपाधीक्षक, सीमा गुप्ता,एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, डॉ. एस.एन. कोयलियार,आईएमए प्रेसिडेंट, डॉ. रश्मि कोयलियार, डॉ. अनिल मोटानी एवं डॉ. प्रदीप कुमार।


ओमशान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें

कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़,शान्तिवन,तलहटी,
पोस्ट बॉक्स न-5,आबू रोड, राज. 307510
संपर्क- M- 9414006096, 9414154344, 9414182088
Email-omshantimedia@bkivv.org
सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक - ₹-240, तीन वर्ष - ₹- 720, आजीवन - ₹- 6000
Website: www.omshantimedia.org